# 2020 (A)

# सामाजिक विज्ञान

## द्वितीय पाली (Second Sitting)

समय : 2 घंटे 45 मिनट ] [ पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश : 2020 (A) प्रथम पाली का निर्देश देखें।

### खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न-संख्या 1 से 48 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। अपनी द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR-शीट पर चिन्हित करें। केवल 40 प्रश्नों के ही उत्तर दें। 40 × 1 = 40

1. वियना काँग्रेस कब हुआ था?
   (A) 1815 ई॰ (B) 1818 ई॰ (C) 1820 ई॰ (D) 1848 ई॰
2. फ्रैंकफर्ट की संधि पर हस्ताक्षर कब हुई थी?
   (A) 1863 में (B) 1864 में (C) 1871 में (D) 1872 में
3. कार्ल मार्क्स का जन्म कहाँ हुआ था?
   (A) जर्मनी (B) इंग्लैंड (C) फ्रांस (D) पोलैंड
4. "दास कैपिटल" का प्रकाशन किस वर्ष हुआ था?
   (A) 1848 में (B) 1864 में (C) 1867 में (D) 1883 में
5. विश्वव्यापी आर्थिक संकट किस वर्ष आरंभ हुआ था?
   (A) 1914 (B) 1922 (C) 1929 (D) 1927
6. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना कब हुई?
   (A) 1923 ई॰ (B) 1925 ई॰ (C) 1934 ई॰ (D) 1939 ई॰
7. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अध्यक्ष कौन थे?
   (A) बाल गंगाधर तिलक (B) व्योमेश चन्द्र बनर्जी
   (C) लाला लाजपत राय (D) लाला हरदयाल
8. सिपाही विद्रोह कब हुआ था?
   (A) 1855 ई॰ (B) 1857 ई॰ (C) 1885 ई॰ (D) 1887 ई॰
9. वाष्पचालित रेल इंजन का आविष्कार किया था
   (A) अब्राहम डर्बी ने (B) जेम्स वाट ने
   (C) जार्ज स्टीफेंसन ने (D) राबर्ट फुल्टन ने
10. मुम्बई में प्रथम सूती कपड़ा मिल किस वर्ष स्थापित की गई?
    (A) 1850 ई॰ (B) 1852 ई॰ (C) 1854 ई॰ (D) 1858 ई॰
11. बोल्शेविक क्रांति कब हुई?
    (A) फरवरी, 1917 (B) नवम्बर, 1917 (C) अप्रैल, 1918 (D) दिसम्बर, 1918
12. मार्टिन लूथर कौन थे?
    (A) दार्शनिक (B) राजनीतिज्ञ (C) धर्म सुधारक (D) समाज सुधारक
13. हीराकुंड बांध है
    (A) कर्नाटक में (B) तमिलनाडु में (C) बिहार में (D) ओडिशा में
14. सुंदरवन है
    (A) कर्नाटक में (B) पश्चिम बंगाल में
    (C) केरल में (D) महाराष्ट्र में

A A ONLINE SOLUTION

15. अल्युमिनियम बनाने में किस खनिज का उपयोग होता है?
(A) टिन (B) बॉक्साइट (C) मैंगनीज (D) लौह अयस्क

16. द्वितीय पृथ्वी सम्मेलन कहाँ हुआ था?
(A) न्यूयार्क (B) पेरिस (C) मास्को (D) इनमें से कोई नहीं

17. तारापुर परमाणु ऊर्जा केन्द्र है
(A) गुजरात में (B) मध्य प्रदेश में
(C) छत्तीसगढ़ में (D) महाराष्ट्र में

18. किस राज्य में वनों का सबसे अधिक विस्तार है?
(A) मध्य प्रदेश में (B) उत्तर प्रदेश में
(C) कर्नाटक में (D) केरल में

19. रेल वर्कशॉप स्थित है
(A) जमालपुर में (B) मुंगेर में (C) भगवानपुर में (D) दरभंगा में

20. मेट्रो रेल सेवा उपलब्ध है
(A) धनबाद में (B) दिल्ली में (C) रायपुर में (D) गुवाहाटी में

21. निम्नलिखित में से कौन रबी फसल है?
(A) ज्वार (B) धान (C) गेहूँ (D) जूट

22. टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी की स्थापना हुई थी
(A) 1905 ई॰ में (B) 1906 ई॰ में
(C) 1907 ई॰ में (D) 1908 ई॰ में

23. बिहार का सबसे बड़ा नगर कौन है?
(A) पटना (B) भागलपुर (C) हाजीपुर (D) दरभंगा

24. कुश्वेश्वरस्थान किस जिला में स्थित है?
(A) वैशाली (B) बेगूसराय (C) भागलपुर (D) दरभंगा

25. 15वीं लोकसभा में महिलाओं की कितनी भागीदारी थी?
(A) 10.86 प्रतिशत (B) 12.20 प्रतिशत
(C) 13 प्रतिशत (D) 24 प्रतिशत

26. निम्नलिखित में कौन केन्द्र शासित प्रदेश है?
(A) उत्तराखण्ड (B) छत्तीसगढ़ (C) चण्डीगढ़ (D) केरल

27. बांग्लादेश कब स्वतंत्र हुआ?
(A) 1969 ई॰ (B) 1970 ई॰ (C) 1971 ई॰ (D) 1972 ई॰

28. पटना नगर निगम के प्रधान को क्या कहा जाता है?
(A) महापौर (B) नगर प्रधान
(C) नगर सचिव (D) इनमें से कोई नहीं

29. बिहार में पंचायती राज व्यवस्था का कार्यकाल है
(A) 4 वर्ष (B) 5 वर्ष (C) 6 वर्ष (D) 7 वर्ष

30. जनता दल युनाइटेड पार्टी का गठन कब हुआ?
(A) 1992 ई॰ (B) 1995 ई॰ (C) 1999 ई॰ (D) 2003 ई॰

31. किसके नेतृत्व में 1977 में जनता पार्टी की सरकार का गठन हुआ था?
(A) मोरारजी देसाई (B) कर्पूरी ठाकुर
(C) जगजीवन राम (D) चंद्रशेखर

32. सत्रहवीं लोकसभा का चुनाव किस वर्ष हुआ?
(A) 2010 ई॰ (B) 2014 ई॰ (C) 2015 ई॰ (D) 2019 ई॰

33. बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कौन थे?
(A) अम्बेडकर (B) कांशीराम (C) मायावती (D) रामविलास पासवान

34. लोकतंत्र की उपलब्धियों में सबसे अधिक सहायक क्या है?
(A) निर्धनता (B) अशिक्षा (C) विषमता (D) विकास

A ONLINE SOLUTION

35. दल-बदल कानून लागू होता है
(A) सांसदों एवं विधायकों पर
(B) उपराष्ट्रपति पर
(C) राष्ट्रपति पर
(D) इनमें से सभी
36. निम्नांकित में कौन बीमारू (BIMARU) राज्य है?
(A) कर्नाटक (B) छत्तीसगढ़ (C) आंध्र प्रदेश (D) बिहार
37. विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय कहाँ है?
(A) जेनेवा (B) पेरिस (C) न्यूयार्क (D) वाशिंगटन
38. विश्व व्यापार संगठन (WTO) की स्थापना कब हुई?
(A) 1991 ई० (B) 1993 ई० (C) 1995 ई० (D) 1997 ई०
39. भारत में मानव अधिकार सुरक्षा अधिनियम कब पारित हुआ?
(A) 1991 ई० (B) 1993 ई० (C) 1995 ई० (D) 1997 ई०
40. बिहार सम्पन्न है
(A) खनिजों में (B) उद्योग में (C) कृषि में (D) पशुपालन में
41. 'फूट डालो और राज करो' की नीति किसने अपनायी?
(A) अंग्रेजों ने
(B) पारसियों ने
(C) मुसलमानों ने
(D) पंजाबियों ने
42. मनुष्य के आर्थिक जीवन में सबसे महत्त्वपूर्ण क्या है?
(A) जमीन
(B) मुद्रा
(C) खेतों के कागजात
(D) मालगुजारी के रसीद
43. भारत का केन्द्रीय बैंक कौन है?
(A) पंजाब नेशनल बैंक
(B) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
(C) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
(D) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया
44. व्यावसायिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण कब किया गया?
(A) 1965 में
(B) 1969 में
(C) 1975 में
(D) 1980 में
45. निम्नलिखित में से कौन-सा संस्थान भारत में मुद्रा जारी करने के लिए अधिकृत है?
(A) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया
(B) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
(C) संसद
(D) राष्ट्रपति
46. निम्नलिखित में कौन मानव-जनित आपदा नहीं है?
(A) आतंकवाद
(B) रेल दुर्घटना
(C) सुनामी
(D) सांप्रदायिक दंगा
47. वाढ़ के समय लोगों को जाना चाहिए
(A) गाँव के बाहर
(B) खेतों में
(C) उच्च भूमि पर
(D) कहीं नहीं
48. निम्नलिखित नदियों में किसे 'बिहार का शोक' कहते हैं?
(A) कोसी (B) गंगा (C) गंडक (D) पुनपुन

## खण्ड-ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

### इतिहास (History)

निर्देश : प्रश्न-संख्या 1 से 5 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है। $3 \times 2 = 6$

1. 1848 ई० के फ्रांसीसी क्रांति के मुख्य कारण क्या थे?
2. लेनिन का संक्षिप्त परिचय दें।
3. स्वदेशी आन्दोलन का उद्योगों पर क्या प्रभाव पड़ा?
4. खूनी रविवार क्या है?
5. रेशम मार्ग से आप क्या समझते हैं?

A ONLINE SOLUTION

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 6 से 7 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें।** 4×1=4

6. असहयोग आन्दोलन के कारणों का वर्णन करें।
7. मुद्रण क्रांति ने आधुनिक विश्व को कैसे प्रभावित किया? वर्णन करें।

## राजनीति विज्ञान (Political Science)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 8 से 13 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है।** 2×2=4

8. राजनीतिक दल की परिभाषा दें।
9. महापौर पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।
10. विपक्षी दल के कार्यों का संक्षिप्त वर्णन करें।
11. गुप्त मतदान क्या है?
12. अशिक्षा लोकतंत्र के लिए अभिशाप है। कैसे?
13. आतंकवाद लोकतंत्र की चुनौती है। कैसे?

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 14 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें।** 4×1=4

14. भारत में जातिवाद पनपने के किन्हीं चार कारणों का वर्णन करें।
15. भारतीय लोकतंत्र की किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन करें।

## अर्थशास्त्र (Economics)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 16 से 18 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है।** 2×2=4

16. मौद्रिक प्रणाली क्या है?
17. सरकारी सेवा किसे कहते हैं?
18. बहुराष्ट्रीय कम्पनी किसे कहते हैं?

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 19 से 20 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें।** 4×1=4

19. भारत में सहकारिता के विकास का वर्णन करें।
20. उपभोक्ता के कौन-कौन से अधिकार हैं? प्रत्येक अधिकार का सोदाहरण वर्णन करें।

## भूगोल (Geography)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 21 से 25 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं तीन प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है।** 3×2=6

21. पेट्रोलियम से किन-किन वस्तुओं का निर्माण होता है?
22. भारत की किन्हीं दो रोपण फसलों के नाम लिखें।
23. सार्वजनिक और निजी उद्योगों में अंतर स्पष्ट करें।
24. वायु परिवहन की किन्हीं दो प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख करें।
25. बिहार में वनों के अभाव के दो कारणों को लिखें।

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें।** 4×1=4

26. भारत के सीमेंट उद्योग का संक्षिप्त विवरण दें।
27. बिहार की चार कृषि समस्याओं की व्याख्या करें।

## आपदा प्रबंधन (Digaster Management)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 28 से 31 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है।** 2×2=4

28. भू-स्खलन से बचाव के किन्हीं दो उपायों का उल्लेख करें।

A ONLINE SOLUTION

29. बाढ़ के चार कारणों की व्याख्या करें।
30. सुनामी के तीन प्रभावों का उल्लेख करें।
31. सुखाड़ की अवधि में मिट्टी की नमी को बनाए रखने के लिए आप क्या करेंगे?

## उत्तर (Answers)

### खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (A) | 2. (C) | 3. (A) | 4. (C) | 5. (C) | 6. (B) |
| 7. (B) | 8. (B) | 9. (B) | 10. (C) | 11. (B) | 12. (C) |
| 13. (D) | 14. (B) | 15. (B) | 16. (A) | 17. (D) | 18. (A) |
| 19. (A) | 20. (B) | 21. (C) | 22. (C) | 23. (A) | 24. (D) |
| 25. (A) | 26. (C) | 27. (C) | 28. (A) | 29. (B) | 30. (C) |
| 31. (A) | 32. (D) | 33. (B) | 34. (D) | 35. (A) | 36. (D) |
| 37. (A) | 38. (C) | 39. (B) | 40. (C) | 41. (A) | 42. (B) |
| 43. (D) | 44. (B) | 45. (A) | 46. (C) | 47. (C) | 48. (A) |

### खण्ड-ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

1. लूई फिलिप का प्रधानमंत्री ग्रिजो प्रतिक्रियावादी एवं सुधारों का विरोधी था। सुधारवादी दल के नेता थेयर्स ने 22 फरवरी 1848 को पेरिस में 'सुधार भोज' का आयोजन किया। राजा ने इस पर रोक लगा दी। अत: पेरिस में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए और जूलूस निकाले गए। इस पर पुलिस ने गोली चला दी, जिससे अनेक लोग मारे गए। परिणामस्वरूप क्रूद्ध जनता ने लूई को गद्दी छोड़कर इंग्लैंड भागने को विवश कर दिया।

2. लेनिन का जन्म रूस में 1870 में हुआ था। आरंभ से ही वह विद्रोही प्रवृत्ति का था। वह साम्यवाद से गहरे रूप से प्रभावित था। उसके नेतृत्व में बोलशेविक क्रांति हुई। शासनाध्यक्ष बनने के बाद उसने रूस के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास किया। एक नया संविधान लागू किया गया। आंतरिक व्यवस्था स्थापित की गई तथा आर्थिक-सामाजिक सुधार किए गए। 1921 में उसने नई आर्थिक नीति लागू की। उसकी मृत्यु 21 जनवरी, 1924 को हुई।

3. 1905 के बंग-भंग आंदोलन में स्वदेशी और बहिष्कार की नीति से भारतीय उद्योग लाभान्वित हुए। धागा के स्थान पर कपड़ा बनाना आरंभ हुआ। इससे वस्त्र उत्पादन में तेजी आई। 1912 तक सूती वस्त्र का उत्पादन दोगुना हो गया। उद्योगपतियों ने सरकार पर दबाव डाला कि वह आयात-शुल्क में वृद्धि कर तथा देशी उद्योगों को रियायत प्रदान करे। निर्यात में आई कमी की क्षतिपूर्ति के लिए भारतीय उद्यमियों ने सूती मिलों में वस्त्र का उत्पादन बढ़ा दिया। कपड़ा उद्योग के अतिरिक्त अन्य छोटे उद्योगों का भी विकास हुआ?

4. 1904-05 के रूसी-जापानी युद्ध में रूस की पराजय से उसकी प्रतिष्ठा को गहरी ठेस पहुँची। 9 जनवरी, 1905 (जूलियन कैलेंडर के अनुसार) रविवार के दिन हजारों की निहत्थी भीड़ रोटी की माँग करती हुई सेंट पीटसबर्ग की ओर बढ़ी। जार की सेना ने जुलूस पर गोली चलाई, जिसमें हजारों लोग मारे गए। यही धौंस 'खूनी रविवार' अथवा 'लाल रविवार' कहलायी।

5. रेशम मार्ग से हम यह समझते है कि प्राचीन काल में गुप्त काल में हुणों के समय से ही भारत का चीन के साथ विदेशी व्यापार यानि रेशम का व्यापार होता था इसलिए रेशम व्यापार के ही कारण इसे रेशम मार्ग के नाम से जानते हैं।

6. असहयोग आंदोलन (1920-22) का कारण रॉलेक्ट एक्ट का पारित होना, जालियाँवाला बाग हत्याकांड तथा खिलाफत आंदोलन था।

(i) भारतीय क्रांतिकारियों की बढ़ती गतिविधियो पर अंकुश लगाने के लिए मार्च 1919 में रॉलेक्ट एक्ट बनाया गया। इसके अनुसार, मात्र संदेह के आधार पर किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार कर विशेष अदालत में मुकदमा चलाकर उसे दंडित किया जा सकता था। भारतीयों ने इसे 'काला कानून' कहकर इसका विरोध किया।

(ii) 13 अप्रैल, 1919 को वैशाखी मेले के अवसर पर अमृतसर के जालियाँवाला बाग में एक सभा का आयोजन किया गया। सभा के दौरान पंजाब का फौजी शासक जनरल डायर वहाँ आ पहुँचा। बाग का

A ONLINE SOLUTION

प्रवेश द्वारा बंद करवाकर उसने निहत्थे भीड़ पर अंधाधुंध गोलियाँ चलवा दी। उसमें सैकड़ों व्यक्ति मारे गए और अनेकों घायल हुए। इससे पूरा देश आक्रोशित और हतप्रभ हो गया।

(iii) प्रथम विश्वयुद्ध के पश्चात् तुर्की के सुल्तान, जो इस्लामी जगत का खलीफा भी था, को शक्तिहीन बनाकर उसकी प्रतिष्ठा नष्ट कर दी गई। उसकी शक्ति की पुनर्स्थापना के लिए भारत में अलीबंधओं ने खिलाफत आंदोलन चलाया। गाँधी जी इस आंदोलन को सत्य और न्याय पर आधृत मानते थे। इसलिए रॉलेक्ट एक्ट, जलियाँवाला बाग हत्याकांड और खिलाफत आंदोलन के समर्थन में 1 अगस्त, 1920 को उन्होंने असहयोग आंदोलन आरंभ कर दिया।

**7.** 2017 (A) (प्रथम पाली) के प्रश्न-संख्या 8 (अथवा) का उत्तर देखें।

**8.** सामान्यतया राजनीतिक दल का आशय ऐसे व्यक्तियों के किसी भी समूह से है जो एक समान उद्देश्य की प्राप्ति के लिए कार्य करता है। यदि उस दल का उद्देश्य राजनीतिक कार्य-कलापों से संबंधित होता है, उसे हम राजनीतिक दल कहते हैं।

**9.** निगम परिषद् अपने सदस्यों के बीच से एक महापौर चुनती है। इनका कार्यकाल 5 वर्ष का होता है। महापौर निगम परिषद् का सभापति होता है तथा निगम की बैठकों की अध्यक्षता करता है। साथ ही सशक्त स्थायी समिति का भी अध्यक्षता करता है। महापौर निगम का प्रथम नागरिक माना जाता है। महापौर की अनुपस्थिति में नगर परिषद् के सभी कार्य भार उपमहापौर संपादन करते हैं।

**10.** विपक्षी दल के चार प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं—

(i) सत्तारुढ़ दल पर नियंत्रण रखना।

(ii) कानून-निर्माण में सदन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाना।

(iii) जनता की शिकायतों को सरकार के समक्ष रखना और

(iv) सरकार के साथ सकारात्मक कदम उठाकर देश के विकास में सहायता करना तथा लोकतंत्र को सफल बनाना।

**11.** मतदान पत्र वह दस्तावेज हैं जिससे मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। अगर इसे गुप्त रूप से व्यवहार में लाया जाए, तो इसे गुप्त मतदान कहेंगे। इस प्रकार की पद्धति अपनाने से लाभ यह होता है कि किसी को यह पता नहीं चल पाता है कि किसने किसके पक्ष में मतदान किया।

**12.** अशिक्षा लोकतंत्र के लिए एक अभिशाप है। शिक्षा के बिना लोकतंत्र की कल्पना नहीं कर सकते हैं। लोकतंत्र की सफलता के लिए शिक्षा का होना बहुत जरूरी है। इसलिए अशिक्षा लोकतंत्र के लिए एक बहुत बड़ा अभिशाप है।

**13.** आतंकवाद लोकतंत्र के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है। आज भारत ही नहीं पूरे विश्व आतंकवाद से काफी प्रभावित है। लोकतंत्र की सफलता के लिए आतंकवाद का सफाया जरूरी है। आतंकवाद की समाप्ति के बिना लोकतंत्र की सफलता की कल्पना नहीं कर सकते हैं। इसलिए विश्व के सारे लोकतांत्रिक देशों को सबसे पहले आपस में बैठकर आतंकवाद का सफाया बहुत जरूरी है। आतंकवाद एक ऐसा तंत्र है जो नागरिकों के बीच भाईचारे का वातावरण होता है। तथा राष्ट्र की एकता था अखण्डता खतरे में पड़ जाती है।

**14.** भारतीय समाज की विभिन्न समस्याओं में जातिवाद भी एक है। भारत में जातिवाद पनपने के चार मुख्य कारण निम्नांकित हैं—

(i) प्रारंभ में कर्म के आधार पर जाति का विभाजन हुआ था जिससे एक जाति की निर्भरता दूसरी जाति पर रहती थी। इसके चलते जातिवाद पनप नहीं पाया था। जबसे से जन्म के आधार पर जाति का निर्धारण होने लगा, आपसी भाईचारे का संबंध समाप्त हो गया। इससे जातिवाद को बढ़ावा मिला।

(ii) प्रत्येक जाति का अपनी ही जाति में विवाह करने की प्रथा चल पड़ी, जिससे लोगों का अपनी जाति के हितों का विशेष ध्यान रहने लगा। इससे भी जातिवाद को प्रोत्साहन मिला।

(iii) प्रत्येक जाति अपने सदस्यों पर दूसरी जाति के सदस्यों के साथ रहने तथा खाने-पीने पर कुछ न कुछ प्रतिबंध लगाने लगी। इससे अपने जाति के प्रति लगावा बढ़ता गया।

(iv) एक जाति के रीति-रिवाज दूसरे जाति के रीति रिवाज से भिन्न होने के कारण भी लोगों में अपनी जाति के प्रति प्रतिबद्धता बढ़ती गई।

**15.** स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की स्थापना की गई। भारत का संविधान बना। संविधान की प्रस्तावना में स्पष्ट कहा गया है कि भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य होगा। भारतीय लोकतंत्र की निम्नलिखित चार विशेषताएँ हैं—

A ONLINE SOLUTION

(i) **व्यस्क मताधिकार :** भारत में अप्रत्यक्ष लोकतंत्र है जिसमें निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा शासन संचालित होता है। इसके लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन की व्यवस्था की गई। भारत में 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के स्त्री-पुरुष को बिना किसी भेदभाव के मताधिकार प्राप्त है।

(ii) **संसदीय लोकतंत्र :** भारतीय लोकतंत्र की दूसरी विशेषता है कि यहाँ संसदीय लोकतंत्र है। यद्यपि राष्ट्रपति कार्यपालिका का सर्वोच्च पदाधिकारी होता है, लेकिन वास्तविक कार्यपालिका शक्ति मंत्रीपरिषद् के हाथ में होता है। मंत्रीपरिषद् अपने कार्यों के लिए सामूहिक रूप से लोकसभा के प्रति उत्तरदायी होते हैं।

(iii) **नागरिकों के मौलिक अधिकार :** स्वतंत्रता एवं समानता के सिद्धांत पर ही लोकतंत्र आधारित है।

(iv) **स्वतंत्र न्यायपालिका :** भारतीय लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष न्यायपालिका की व्यवस्था है। संविधान की रक्षा का भार सर्वोच्च न्यायालय पर है।

**16.** मुद्रा से वस्तुओं एवं सेवाओं का विनिमय ही मौद्रिक प्रणाली कहा जाता है।

**17.** जब देश व राज्य की सरकार लोगों को काम के बदले मासिक वेतन देता है, और इनसे विभिन्न क्षेत्रों में काम लेती है तो इसे सरकारी सेवा कहा जाता है। जैसे—सैन्य सेवा, शिक्षा सेवा, स्वास्थ्य सेवा, बैंकिंग सेवा आदि।

**18.** बहुराष्ट्रीय कंपनी वह है, जो एक से अधिक देशों में उत्पादन पर नियंत्रण व स्वामित्व रखती है, उसे हम बहुराष्ट्रीय कंपनी कहते हैं। जैसे—सैमसंग, कोका कोला, नोकिया, टाटा मोटर्स।

**19.** भारत में पिछली शताब्दी के प्रारंभ में ही निर्धन तथा कमजोर वर्ग के लोगों के उत्थान एवं किसानों को सस्ती दर पर ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहकारी समितियों की स्थापना पर जोर दिया जाने लगा। इसके लिए सर्वप्रथम 1904 ई॰ में एक सहकारिता साख समिति विधान पारित हुआ। जिसके अनुसार गाँव या नगर में कोई भी दस व्यक्ति मिलकर सहकारी साख समिति की स्थापना कर सकते थे।

1904 के अधिनियम के अंतर्गत स्थापित होनेवाली सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने तथा इसके क्षेत्र को विस्तृत रूप देने के लिए 1912 ई॰ में एक और अधिनियम बनाया। सहकारी समितियाँ स्थापित करने एवं प्राथमिक समितियों की देखभाल के लिए केंद्रीय संगठनों की स्थापना की व्यवस्था की गई। भावी विकास की रूपरेखा निर्धारित करने के उद्देश्य से 1914 में समिति नियुक्त की गई। 1919 ई॰ के राजनीतिक सुधारों के लिए सहकारिता प्रांतीय सरकारों का हस्तांतरित विषय बन गई। 1929 की महान आर्थिक मंदी ने इसके विकास पर विराम लगा दिया। लेकिन 1935 ई॰ में हमारे भारत में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना की गई। इसके अंतर्गत एक कृषि साख विभाग का गठन किया गया जिसका कार्य कृषि विकास में सहायता प्रदान किया गया।

**20.** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अनुसार उपभोक्ताओं के अधिकार निम्नलिखित है।

(i) **सुरक्षा का अधिकार :** उपभोक्ता का प्रथम अधिकार सुरक्षा का अधिकार है। इस अधिकार का सीधा संबंध बाजार से खरीदी जानेवाली वस्तुओं और सेवाओं से जुड़ा हुआ है। वस्तु के उपयोग या उपभोग से उसके जान-माल को कोई खतरा नहीं होना चाहिए।

(ii) **सूचना पाने का अधिकार :** उपभोक्ता को वे सभी सूचनाएँ भी प्राप्त करने का अधिकार है, जिसके आधार पर वह वस्तुएँ या सेवाएँ खरीदने का निर्णय कर सकते हैं। जैसे—पैकेट बंद समान खरीदने पर उसका मूल्य, इस्तेमाल करने की अवधि, गुणवत्ता इत्यादि की सूचना प्राप्त करें।

(iii) **चुनाव या पसंद करने का अधिकार :** उपभोक्ता अपने अधिकार के अंतर्गत विभिन्न निर्माताओं द्वारा निर्मित विभिन्न ब्रांड, किस्म, गुण, रूप, रंग आकार आदि का चुनाव कर सकते हैं।

(iv) **अवार्ड का अधिकार :** उपभोक्ता अपने हितों को प्रभावित करनेवाली सभी बातों को उपयुक्त मंचों के समक्ष प्रस्तुत करने का अधिकार है।

(v) **शिकायत निवारण या क्षतिपूर्ति का अधिकार :** यह अधिकार लोगों को आश्वासन प्रदान करता है कि क्रय की गयी वस्तु या सेवा उचित ढंग की अगर नहीं निकली तो उन्हें मुआवजा दिया जाय।

A ONLINE SOLUTION

(vi) **उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार** : उपभोक्ताओं के प्रति हो रही धोखाधड़ी के बारे में जानकारी का प्रसार-प्रचार आवश्यक है। उपभोक्ता शिक्षित और सजग रहकर अपना संरक्षण कर सकता है।

**21.** पेट्रोलियम से कई प्रकार के वस्तुओं का निर्माण होता है। इससे किरोसीन, डीजल, पेट्रोल की प्राप्ति होती है। यह अनेक उद्योगों का कच्चा माल भी है। इससे ग्रीस, दवाएँ, साबुन, प्लास्टिक, कृत्रिम रेशा इत्यादि भी बनाए जाते हैं। हमारी परिवहन व्यवस्था पेट्रोलियम पर ही निर्भर है।

**22.** भारत में चाय, कॉफी, रबड़, गन्ना, केला आदि रोपण फसलें हैं। रोपण कृषि एक प्रकार की व्यापारिक कृषि हो।

**23. सार्वजनिक उद्योग** : जब किसी उद्योग का संचालन एवं नियंत्रण सरकार अथवा इसके द्वारा नियुक्त व्यक्ति के हाथों में होता है तब उसे सार्वजनिक उद्योग कहा जाता है। जैसे—भिलाई लौह-इस्पात उद्योग, भारत हेवी इत्यादि।

**निजी उद्योग** : जब किसी उद्योग का स्वामित्व एवं नियंत्रण किसी निजी व्यक्ति अथवा उसके द्वारा नियुक्त व्यक्ति के हाथों में होता है। जैसे—टाटा उद्योग, गोदरेज उद्योग इत्यादि।

**24.** वायु परिवहन की दो प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं—

(i) हवाई जहाज सीधी रेखा में उड़ान भरते हैं।

(ii) अत्यधिक ऊँचाई पर उड़ने के कारण इसे प्राकृतिक बाधाओं का सामना नहीं करना पड़ता है।

(iii) प्राकृतिक आपदा के समय स्थल या जल परिवहन मार्ग में रुकावट आ सकती है।

**25.** बिहार में कुल भौगोलिक क्षेत्र का मात्र 6.87 प्रतिशत भाग ही वनाच्छादित है, जबकि राष्ट्रीय नीति के अनुसार 33% भाग में वनों से आच्छादित होना चाहिए। अत: वनों की कटाई पर रोक उद्यानों का विकास, विलुपित वन क्षेत्र को पुनर्वासित करने के साथ-साथ कृषि वानिकी को भी बल प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

**26.** 2016 (A) (प्रथम पाली) के प्रश्न-संख्या 15 का उत्तर देखें।

**27.** बिहार की 90% आवादी देहातों में रहती है और 80 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर आश्रित है। यह राज्य कृषि संबंधी अनेक समस्याओं से जूझ रहा है।

(i) **मिट्टी कटाव एवं गुणवत्ता का ह्रास** : भारी वर्षा और बाढ़ के कारण मिट्टी का कटाव होता है। रासायनिक खादों के उपयोग से भी मिट्टी का ह्रास हो रहा है।

(ii) **घटिया बीजों का उपयोग** : उच्च कोटि के बीज का उपयोग नहीं होने के कारण प्रति एकड़ उपज अन्य राज्यों की अपेक्षा कम है।

(iii) **खेतों का छोटा आकार** : हमारे राज्य में खेतों का आकार छोटा है। जिसके कारण वैज्ञानिक पद्धति से खेती संभव नहीं हो जाती है।

(iv) **बाढ़** : यहाँ की अधिकतर नदियाँ विनाशकारी बाढ़ के लिए प्रसिद्ध है।

(v) किसानों की रुढ़िवादिता

(vi) सिंचाई की समस्या।

**28.** भू-स्खलन से बचाव के दो उपाय निम्न हैं—

(i) जल के बहाव की गति कम करने के लिए जलमार्ग में बाँध का निर्माण करना।

(ii) ढालवाली जगहों पर मकान नहीं बनाना।

(iii) ढालवाली भूमि पर वृक्षारोपण करना।

**29.** बाढ़ के चार कारण निम्न है—(i) नदी में उफान (ii) हिमगलन (iii) निरंतर वर्षा (iv) महोर्नि और मानवीय क्रिया-कलाप

**30.** सुनामी का प्रभाव वैसे ही क्षेत्रों में अधिक देखने को मिलता है जहाँ भू-पटल की चट्टानें विलुपित होती है। भूपटलीय दरार के क्षेत्र, महासागरीय गर्त, मध्य महासागरीय कटक तथा अन्य वैसे क्षेत्र जहाँ चट्टानें कमजोर होती है।

**31.** सुखाड़ की अवधि में मिट्टी की नमी को बनाए रखने के लिए, सबसे पहले हमें सुखाड़ की स्थिति नहीं उत्पन्न होना देना चाहिए। खेतों में पशुचारण से बचाना चाहिए। संभव हो तो खेतों में घास लगाने का उपाय करना चाहिए। नमी को बनाए रखने के लिए खेतों की जुताई करनी चाहिए।

AA ONLINE SOLUTION